रजिस्ट्रेशन व भुगतान नीतियाँ

ये पक्का करने के लिए हर मुमकिन कोशिश की जाती है कि प्रकाशन के समय इस कैटलॉग में दी गई जानकारी सटीक हो। क्योंकि नीतियां, कार्मिक और फ़ंडिंग बदल सकते हैं, Bellevue Parks & Community Services (पार्क्स एवं सामुदायिक सेवाओं) को जोड़ने या वापस लेने और इस ब्रोशर में प्रिंट किए गए मूल्य, तारीख और लोकेशन, सहित लेकिन इसी तक सीमित नहीं, किसी भी प्रावधान को सुधारने, संशोधित करने या बदलाव करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। आपको अप-टू-डेट जानकारी के लिए Register.BellevueWA.gov पर विज़िट करने की सलाह दी जाती है।

हर सप्ताह 15 घंटे से कम की कैम्प मीटिंग के लिए, कृपया "सामान्य मनोरंजनात्मक कार्यक्रम और मिनी-कैम्प" नीति देखें। **हर सप्ताह *15* घंटे से कम की कैम्प मीटिंग पर डे कैम्प नीतियाँ लागू नहीं होगी।**

भोजन और अल्प आहार

इस ब्रौशर में सूचीबद्ध कार्यक्रमों में भोजन और पेय पदार्थ शामिल हो सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए कृपया प्रोग्राम एरिया साइट से संपर्क करें; फ़ोन नंबर इस ब्रौशर में उपलब्ध हैं। भोजन और पेय पदार्थों की लागत, जब भी लागू हो, इस कार्यक्रम की लागत में शामिल है।

Bellevue शहर का टैक्स ID नंबर:

91-6007020

रजिस्ट्रेशन की प्राथमिकता:

Bellevue शहर Bellevue के निवासियों को विविध प्रकार की मनोरंजनात्मक गतिविधियों को उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इस वजह से शहर Bellevue शहर की सीमा में रहने वाले लोगों को शहर पंजीयन में प्राथमिकता देता है। गैर-निवासियों का भी इन मनोरंजनात्मक गतिविधियों में स्थान-उपलब्धी के आधार पर स्वागत है। गैर-निवासियों के 'रजिस्ट्रेशन गैर-निवासियों के लिए पंजीयन शुरू होने के पहले दिन नहीं स्वीकार किया जाएगा। इस दिन, मेल और फैक्स द्वारा किए गए रजिस्ट्रेशन्स 425 पर फ़ोन के ज़रिये, या Register.BellevueWA.gov पर ऑनलाइन स्वीकार किए जाएंगे।

King काउंटी के साथ एक इंटरलोकल समझौते की वजह से, साउथ Bellevue कम्युनिटी सेंटर में होने वाले कार्यक्रमों के लिए सभी पंजीयन प्राप्त क्रम में ही प्रोसेस किए जाते हैं।

रजिस्ट्रेशन का पुष्टिकरण:

पंजीयन को प्रोसेस करने के बाद पंजीयन की रसीद इलेक्ट्रॉनिक स्वरूप में भेजी जाती है। यदि आप कागजी रसीद चाहते हैं तो इसका अनुरोध करने के लिए 425-452-6885 पर कॉल करें। आप अपने ऑनलाइन अकाउंट में ट्रांज़ेक्शन हिस्टरी को भी एक्सेस कर सकते हैं।

आर्थिक सहायता/छात्रवृत्तियां:

Bellevue शहर की सीमा में रहने वाले योग्य निवासियों को आर्थिक मदद भी दी जाती है। वित्तीय सहायता ऐप्लिकेशन के प्रोसेस होने के बाद आवेदकों को प्रत्येक रजिस्ट्रेशन के लिए देय राशि के बारे में सूचित किया जाएगा।

कृपया इस पब्लिकेशन का पेज 34 देखें, 425-452-6885 पर कॉल करें या आर्थिक सहायता के लिए अप्लाई करने के बारे में जानकारी के लिए ***BellevueWA.gov/Connections*** पर विज़िट करें।

लीगल KP 8/2/24 द्वारा अनुमोदित

भुगतानः

भुगतान सिर्फ नकद, गिफ्ट सर्टिफ़िकेट्स, चेक और Visa/MasterCard के ज़रिये से ही स्वीकार किया जाएगा। डे कैम्प को छोड़कर सभी कार्यक्रमों के लिए पूरा भुगतान पंजीयन के समय करना होगा। ऑनलाइन किए जाने वाले सभी लेन-देनों को पंजीयन के समय पूरा भुगतान करने की आवश्यकता होगी। कृपया नगदी हमें मेल के तौर पर न भेजें।

स्कॉलरशिप/आर्थिक सहायता का आवेदन पंजीयन से पहले ही देना होगा।

General Recreation Programs (सामान्य मनोरंजन कार्यक्रम) और प्रति सप्ताह 15 घंटे से कम की मिनी-कैंप्स मीटिंग: रजिस्ट्रेशन के समय भुगतान करना ज़रूरी है। स्कॉलरशिप से भुगतान कर रहे हैं तो पंजीयन से पहले छात्रवृत्ति आवेदन करना आवश्यक है।

डे कैंप्स (प्रति सप्ताह कम से कम 15 घंटे की कैंप मीटिंग): प्रत्येक डे कैंप के लिए रजिस्ट्रेशन के समय प्रति प्रतिभागी, प्रति कैंप $50 गैर-वापसी योग्य शुल्क की ज़रुरत होती है, और इसे देय अंतिम राशि के लिए लागू किया जाएगा। रजिस्ट्रेशन के समय गैर-Bellevue निवासी शुल्क अंतर भी देय है। बाकी बैलेंस का पूरा पेमेंट प्रत्येक सेशन के पहले दिन से तीस (30) कैलेंडर दिन पहले देय है।

क्रेडिट कार्डः

पंजीयन फॉर्म पर क्रेडिट कार्ड नंबर और उसके समापन की तिथि दर्ज करें।

चेक:

शहर को जो भी चेक या ड्राफ्ट मिलेंगे, जिन्हें अदाकर्ता बैंक या ऐसे ही अन्य डिपॉजिटरी की ओर से लौटाया या अस्वीकृत कर दिया जाएगा, उन पर $15.00 (एडमिनिस्ट्रेटिव ऑर्डर 53 के तहत) शुल्क वसूला जाएगा।

रिफंड:

शहर की ओर से जिन क्लासेस को रद्द किया जाएगा, उसमें 100% प्रोग्राम फी लौटा दी जाएगी। कार्यक्रम या कैम्प के पहले दिन या उसके बाद कोई धनवापसी या क्रेडिट नहीं दिया जाएगा। $10 या उससे कम राशि के कार्यक्रमों के लिए धनवापसी का नियम लागू नहीं होगा।

सामान्य मनोरंजन कार्यक्रम/मिनी-कैंप *(प्रति सप्ताह 15 घंटे से कम समय की कैंप मीटिंग):*
रीफंड की अनुमति तभी दी जाएगी जब क्लास की शुरुआत से कम से कम सात (7) कैलेंडर दिवस पहले धनवापसी की जाती है, इसमें से $10 प्रति कार्यक्रम प्रति प्रतिभागी एडमिनिस्ट्रेटिव फी के तौर पर काट ली जाएगी। इसके बाद ही धनवापसी होगी। क्लास शुरू होने से सात (7) कैलेंडर दिनों से कम समय पहले किए गए अनुरोध पर क्लास की धनवापसी पर निम्नलिखित रीफंड लागू होगाः
$20 या उससे कम शुल्क वाले कार्यक्रमों के लिए: प्रोग्राम फ़ीस, प्रति प्रतिभागी, प्रति कार्यक्रम $10 से कम एडमिनिस्ट्रेटिव फ़ीस।
$20 से ज़्यादा शुल्क वाले कार्यक्रमों के लिए: प्रोग्राम फ़ीस का 50%, प्रति प्रतिभागी, प्रति कार्यक्रम।

डे कैंप्स *(15 घंटे या उससे ज्यादा प्रति सप्ताह की मीटिंग वाले कैंप्स के लिए):* यदि निकासी क्लास के पहले दिन से कम से कम चौदह (14) कैलेंडर दिन पहले की जाती है, तो प्रति प्रतिभागी, प्रति शिविर $50 गैर-वापसी योग्य शुल्क से कम कर धन वापसी दी जाती है। कैंप से चौदह (14) कैलेंडर दिनों से कम समय पहले अनुरोध की गई कैंप वापसी के परिणामस्वरूप प्रति प्रतिभागी, प्रति कार्यक्रम कैंप की फ़ीस का 50% वापस कर दिया जाएगा। यदि आप किसी अन्य कैम्प में जाने की रुचि प्रदर्शित करते हैं तो कृपया हमारी ट्रांसफर पॉलिसी के बारे में अधिक जानकारी के लिए 425-452-6885 पर कॉल करें।

निवासी की परिभाषा:

निवासी का तात्पर्य उस व्यक्ति से है जो Bellevue शहर के अधिकार क्षेत्र की सीमा के भीतर रहता है, उसे ही निवासी माना जाएगा। यदि आपको नहीं पता कि Bellevue शहर के अधिकार क्षेत्र की सीमा के भीतर आप आते हैं या नहीं, तो आप Development Services Department's Land Use Division (डेलवपमेंट सर्विसेस डिपार्टमेंटस लैंड यूज डिविजन) से 425-452-4188 पर संपर्क करें।

लीगल KP 8/2/24 द्वारा अनुमोदित

मैं स्वीकार करता/ती हूं कि मैंने रजिस्ट्रेशन, पेमेंट और रिफ़ंड नीतियां प्राप्त कर ली हैं और उनकी समीक्षा कर ली है और उनमें बताई गई शर्तों को समझता/ती हूं और स्वीकार करता/ती हूं।

प्रतिभागी का नाम मुद्रित	प्रतिभागी के हस्ताक्षर	दिनांक

अगर प्रतिभागी की उम्र 18 साल से कम हो:

माता-पिता या कानूनी अभिभावक मुद्रित	माता-पिता या कानूनी अभिभावक के हस्ताक्षर	दिनांक